दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, गुरुवार 08 सितंबर 2022

www.nyaysakshi.com



# सड़कों की मरम्मत व सुधार कार्य तेजी से पूरा करने जुट जाए सभी संबंधित विभाग -कलेक्टर

**❐ कलेक्टर रानू साहू ने निर्माण एजेंसीज की ली समीक्षा बैठक**





**रायगढ़।** कलेक्टर रानू साहू ने आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में सड़क निर्माण कार्य में संलग्न विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने जिले में चल रहे सड़क निर्माण कार्य की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विभागवार किए जा रहे हैं सड़क निर्माण की संख्या एवं प्रगति की समीक्षा करते हुए रुके हुए सड़क निर्माण की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से कहा कि प्रस्तावित सड़क निर्माण से संबंधित कोई भी कार्य जिला स्तर पर लंबित नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी एसडीएम को सड़क निर्माण कार्य के लिए आवश्यक भू-अर्जन की प्रक्रिया की समीक्षा कर प्रकरण का तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। जिससे जिले के सड़क निर्माण कार्य को गति मिल सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर साहू ने सड़क निर्माण करने वाले एडीबी विभाग की निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। विभागीय अधिकारियों द्वारा बताया कि सड़क निर्माण से संबधित विभागीय प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है जिसके बाद जिले के लैलूंगा, धरमजयगढ़ एवं खरसिया के विभिन्न स्थानों में सड़क निर्माण कार्य जारी है। बारिश की वजह से सड़क निर्माण कार्य की अपेक्षाकृत गति कम है। कलेक्टर साहू ने पीडब्ल्यूडी की सड़क निर्माण की जानकारी ली। विभागीय अधिकारी द्वारा बताया गया कि सड़क निर्माण से संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। इसके साथ ही प्रस्तावित सड़कों के लिए कार्ययोजना तैयार की जा चुकी है, किसके साथ ही भू-अर्जन प्रक्रिया पूर्ण कर राशि जमा की जा चुकी है। कई स्थानों में भू-अर्जन के कारण लंबित सड़क निर्माण की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर साहू ने सभी एसडीएम को भू-अर्जन से संबंधित प्रकरण का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में सेतु निर्माण एवं पीएमजीएसवाय के कार्यो की भी समीक्षा की। सेतु निर्माण के ईई द्वारा बताया गया कि सभी प्रकरण प्रगतिरत हैं। किसी भी प्रकार की कार्य लंबित नहीं है। कलेक्टर साहू ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि भू-अर्जन की स्थिति में बटांकन की तिथि की आवश्यक जांच की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य वाले प्रकरण में विभागीय अधिकारी एवं एसडीएम सभी कार्य अति शीघ्र पूर्ण करें, जिससे सभी सड़क निर्माण कार्य को पूर्ण किया जा सके।

इस दौरान ईई पीडब्ल्यूडी आर.के.खाम्बरा, ईई सेतु, एडीबी, पीएमजीएसवाय एवं सभी एसडीएम उपस्थित रहे।

# कापू के कंचीरा में मामूली विवाद पर पति ने टांगी मारकर की पत्नी की हत्या

**❐ आरोपी को कापू पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर**



**रायगढ़।** दिनांक 06.09.2022 को थाना प्रभारी कापू निरीक्षक अनुरंजन लकड़ा को ग्राम कंचीरा में महिला की हत्या की सूचना मिला। थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना की जानकारी देकर हमराह स्टाफ एएसआई बृज किशोर गिरी, आरक्षक जगीत राम राठिया, महिला आरक्षक अनिरा लकडा के साथ तत्काल ग्राम कंचीरा रवाना हुये। ग्राम कंचीरा में मृतिका तिलासो बाई अपने घर अंदर मृत हालात में लहू-लूहान पड़ी थी। घटना के संबंध में मृतिका के जेठ लाल साय मंझवार (55 साल) द्वारा घटना के संबंध में मौके पर रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 05.09.2022 को गांव में नवाखाई का त्यौहार मना रहे थे। गांव के कई लोग अपने घरों में खाना-पीना किये थे। शाम को छोटा भाई बिहानू मंझवार (50 साल) और उसकी पत्नी तिलासो बाई (45 साल) लड़ाई झगडा करते अपने घर गये। दिनांक 06.09.2022 को सुबह छोटे भाई बिहानू मंझवार के घर गया तो देखा कि भाई बहू तिलासो बाई घर के अंदर मृत हालात में लहू-लूहान पड़ी थी। तब छोटे भाई बिहानू से पूछा तब वह बताया कि कल शाम करीब 06.00 बजे परिवारिक बात को लेकर तिलासो बाई के सिर में टांगी से मारकर हत्या कर दिया हूं। मर्ग पंचनामा कार्यवाही कर थाना प्रभारी द्वारा शव को पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया और आरोपी बिहानू मंझवार पिता लोढूराम मंझवार उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम कंचीरा, थाना कापू के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया।

आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि शाम को जब घर आकर पत्नी से खाना मांगा तो झगड़ा विवाद कर पहले से डंडे से मारी, तब गुस्से में आकर टांगी से मारकर उसकी हत्या कर दिया। कापू पुलिस द्वारा हत्या के संवेदनशील मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राजधानी रायपुर सहित रायगढ़ के कई बढ़े कारोबारियों के यहां आईटी का छापा, मचा हड़कंप

**रायपुर (आरएनएस)।** इनकम टैक्स विभाग ने बुधवार सुबह छत्तीसगढ़ के कई बड़े कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश दी है। आयकर विभाग की टीम ने छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में अलग-अलग जगहों पर छापे मारे हैं। इनमें एक स्टील और शराब कारोबारी शामिल हैं। टीम ने रायपुर के अमलीडीह, कचना, कटोरा तालाब समेत बीरगांव इलाके में छापा मारा है। जानकारी के अनुसार शराब कारोबारी के घर सहित अन्य जगहों पर आयकर विभाग की टीम ने छापे मारे हैं। बताया जा रहा है कि दो साल पहले भी शराब कारोबारी के यहां इनकम टैक्स ने दबिश दी थी। बताया जा रहा है कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामलों में आयकर विभाग ने कार्रवाई की है। इसके अलावा आयकर विभाग ने रायपुर के स्टील कारोबारी के घर भी छापा मारा है। वहीं रायगढ़ और खरसिया में भी टीम की कार्रवाई जारी है।

### कोतरारोड़ पुलिस ने दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर किया न्यायालय पेश

**रायगढ़।** थाना प्रभारी कोतरारोड उपनिरीक्षक गिरधारी साव के नेतृत्व में आज दिनांक 06.09.2022 को कोतरारोड पुलिस द्वारा दो फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है। वारंटी (1) संदीप दास महंत पिता स्वर्गीय अनमोल दास महंत उम्र 21 वर्ष निवासी कोतरा बरभाठा थाना कोतरारोड़ रायगढ़ (2) त्रिलोचन पाव पिता राजकुमार पाव उम्र 19 वर्ष निवासी सारापीन बनसिया चौकी जूटमिल को जेएमएफसी रायगढ़ के न्यायालय से जारी वारंट कोतरारोड़ पुलिस को प्राप्त हुये थे, वारंटी न्यायालय द्वारा जारी समंस की तामिली पर उपस्थित होने से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। वारंटी संदीप दास महंत गृहभेदन तथा वारंटी त्रिलोचन पाव आबकारी एक्ट का अभियुक्त है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का जिला स्तरीय आयोजन 12 सितम्बर को

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप मेला का जिला स्तरीय आयोजन 12 सितम्बर 2022 को प्रात:10 बजे से शासकीय आईटीआई रायगढ़ में किया जाएगा। इस मेले में जिले के औद्योगिक प्रतिष्ठानों के द्वारा ऑन द जॉब ट्रेनिंग, अप्रेंटिसशिप योजना तथा प्रशिक्षण उपरांत नियोजन से संबंधित आवश्यक कार्यवाही संपादित किया जाएगा। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर अप्रेंटिसशिप मेला में भाग ले सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक संचालक जिला कौशल विकास प्राधिकरण कार्यालय, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### वायु प्रदूषण से होने वाले प्रदूषण जनित बीमारियों का होगा इलाज

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने जानकारी देते हुए बताया कि वायु प्रदूषण के प्रति लोगो में जागरूकता लाने के लिये अब छत्तीसगढ़ प्रशासन एआरआई (एक्युट रेस्पीरिटरी इंफेक्शन) क्लीनिक की शुरूवात कर रही है। इसमें जलवायु में होने वाले परिवर्तन और प्रदूषण की वजह से होने वाली बीमारियों के मरीजों का इलाज होगा तथा पहली बार स्वास्थ्य विभाग क्लाइमेटचेंज और प्रदूषण की वजह से होने वाली बीमारियों के मरीजों का रिकॉर्ड भी रखेगा। क्योंकि प्रदूषण और आबो हवा में हो रहे बदलाव के चलते ज्यादातर लोगों को सांस संबंधित रोग जैसे दमा, सांस फूलने की शिकायत, निमोनिया, टीबी, चेस्ट कैंसर के साथ स्किन एलर्जी और कैंसर जैसे गंभीर रोग हो रहे है। एआरआईक्लीनिक के लिए एम्स रायपुर में ट्रेनिंग दिया गया है वायु प्रदूषण से होने वाले हम पर निम्नांकित दुष्प्रभाव देखे जा रहे है।

# चक्रधर बालिका गृह में 68 बालिकाओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, रायगढ़ के मार्गदर्शन में आज राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, जिला रायगढ़ अंतर्गत संचालित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य एवं जच्चा-बच्चा केन्द्र, रामभांठा सेक्टर द्वारा चक्रधर बालिका गृह, हण्डी चौक में बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजन किया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय अंधत्व एवं अल्पदृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नेत्रदान पखवाड़ा मनाया गया। नेत्रदान पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष 25 अगस्त से 08 सितम्बर तक मनाया जाता है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा डॉ. काकोली पट्नायक (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. विवेक उपाध्याय (दंत चिकित्सक), नीरज यादव (लैब टेक्नीशियन), अनुप कुमार पटेल (नेत्र सहायक) कु. रविता मंजरी लकरा (स्टाफ नर्स), अनमोल कुजूर (फार्मासिस्ट) द्वारा चक्रधर बालिका गृह के 68 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। डॉ. काकोली पट्नायक और अनुप कुमार पटेल द्वारा नेत्रदान एवं सामान्य बीमारियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. विवेक उपाध्याय द्वारा मुख के देखभाल और दन्त संबंधित सामान्य बीमारियों के बारे में जानकारी दी।

# जमीन बटवारे के विवाद में दत्तक पुत्र की टांगी मारकर हत्या

**❐ आरोपी धरमजयगढ़ पुलिस की हिरासत में, ग्राम उदउदा की घटना**



**रायगढ़।** दिनांक 06.09.2022 के सुबह भोर में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंदलाल पैंकरा को ग्राम उदउदा से सूचना मिला कि गांव में एक व्यक्ति अपने बेटे को टांगी मारकर हत्या कर दिया है। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। मर्ग पंचनामा कार्यवाही पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किए और सुरक्षा उपाए अपनाते हुए आरोपी उमेन्द सिंह बैगा (उम्र 55 साल) का पता तलाश किये जो फरार था जिसे मुखबिर लगाकर उसके गांव के बाहर धर दबाचे और हिरासत में लेकर थाना लाये।

घटना के संबंध में मृतक दिलीप बैगा पिता कुंजूराम बैगा उम्र 38 साल ग्राम उदउदा थाना धरमजयगढ़ के पिता कुंजूराम बैगा के रिपोर्ट पर आरोपी उमेन्द सिंह बैगा पिता मनबोध बैगा उम्र 55 साल ग्राम उदउदा थाना धरमजयगढ़ के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि इसके बडे भाई उमेन्द सिंह बैगा का कोई संतान नहीं होने से इसके मंझला लडका दिलीप बैगा को बचपन से गोद लेकर अपने साथ रखा था। दिलीप बैगा के बडे होने पर उमेंद सिंह बैगा उसकी शादी कर दिया। दिलीप बैगा का शादी के बाद उमेन्द सिंह बैगा के साथ अक्सर विवाद होता रहता था जिसके बाद दिलीप बैगा अपने परिवार के साथ अलग घर में रहने लगा। अलग रहने के बाद भी उमेंद सिंह बैगा का दिलीप बैगा के साथ जमीन बंटवारा को लेकर लडाई झगडा होने लगा और दिनांक 05.09.2022 की शाम करीब 5.00 बजे दिलीप बैगा अपने घर के पास से उमेंद सिंह बैगा को जमीन बंटवारा की बात को लेकर लडने झगडने लगा। इसी बीच उमेन्द सिंह बैगा अपने घर से टंगिया लेकर आया और दिलीप बैगा के सिर गर्दन में टंगिया के धार से मार दिया जिससे दिलीप बैगा का मौके पर ही मौत हो गया। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा द्वारा आरोपी को हिरासत में लेकर विवेचना कार्रवाई किया जा रहा है, शीघ्र आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जावेगा।

# रायगढ़ साइबर सेल प्रभारी ने कोड़ातराई और ननसिया स्कूल में छात्र-छात्राओं को किया साइबर क्राइम के प्रति जागरूक

**❐ साइबर सेल के साथ यातायात पुलिस और महिला रक्षा टीम ने दी सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी**



**रायगढ़।** साइबर क्राइम, सड़क दुर्घटना और महिलाओं के विरूद्ध अपराधों लेकर संवेदनशील एसपी रायगढ़ अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर माह के प्रथम बुधवार को "साइबर जागरूकता दिवस" के रूप में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में दिनांक 07.09.2022 को साइबर सेल, महिला रक्षा टीम और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चौकी जुटमिल अंतर्गत हायर सेकेण्डरी स्कुल कोंडातराई तथा ग्राम ननसिया हायर सेकेण्डरी स्कुल में शिक्षकगण के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में #सायबर अवेयरनेस कार्यक्रम-02 आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र, छात्राओं और शिक्षकगण को सम्बोधित करते हुए साइबर सेल एवं चौकी प्रभारी जूटमिल उप निरीक्षक कमल किशोर पटेल द्वारा कहा गया कि जागरूक रहें तो साइबर अपराध से बिल्कुल बचा जा सकता हैं। इतना ही नहीं जागरूक छात्र, छात्राएं अपराधिक घटनाओं से खुद बचा सकती हैं बल्किन और अपने घर परिवार, रिस्तेदारों को भी साइबर क्राइम से बचा सकती है। चौकी प्रभारी द्वारा छात्राओं से कहा गया कि आप सभी को नजदीकी थाना, चौकी, पुलिस कंट्रोल रूम का नम्बर 9479193299, डॉयल 112 के नम्बर हमेशा याद रखना चाहिये। सार्वजनिक स्थानों पर जब कभी छींटाकशी या किसी गैर व्यक्ति व्यवहार से असहज, असुरक्षित महसूस करें तो पुलिस हेल्पलाइन 112 पर कॉल कर मदद लेंवे। चौकी प्रभारी ने कहा कि बैंक खाता, ATM आदि के नाम पर किसी भी प्रकार की ओटीपी, केवाईसी आधार कार्ड, एटीएम कार्ड एटीएम के पीछे लिखा सीवीवी नंबर कभी भी किसी को मोबाइल पर ना बताएं। ऐसा करने को कोई दबाव बना रहा हो तो सूचना दे सकते है। उन्होंने कहा कि यहां मौजूद छात्राएं इस जानकारी को अपने परिजनों और गांव के लोगों को भी बताकर जागरूक करें।

महिला रक्षा टीम प्रभारी एएसआई मंजू मिश्रा द्वारा छात्र, छात्राओं को गुड टच, बैड टच, ऑनलाइन गेम्स के दुष्प्रभाव एवं अभिव्यक्ति ऐप के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया और घर जाकर मोबाइल पर अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड कर रखना बताई। उन्होंने छात्राओं को फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाटसअप पर अंजान लोगों से मित्रता नहीं करने और अंजान व्यक्तियों को फोटो, विडियो शेयर करने से बचने कहा गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को यातायात थाने के स्टाफ द्वारा यातायात नियमों की जानकारी देकर बताये कि नाबालिगों का वाहन चलाना कानून का उल्लंघन है। जब कभी अपने परेंट्स के साथ सफर करते हैं तो वाहन की गति अधिक न हो वाहन चालक और सवार व्यक्ति हेलमेट अवश्य पहने, तीन सवारी वाहन न चलावें, सुरक्षित सफर के लिये यातायात नियमों का पालन करें।

हायर सेकेण्डरी स्कुल कोंडातराई तथा ग्राम ननसिया हायर सेकेण्डरी स्कुल (शिक्षकगण प्रशिक्षण कार्यक्रम) के जागरूकता कार्यक्रम में सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक कमल पटेल, प्रधान आरक्षक राजेश पटेल, रेणु सिंह मण्डावी, आरक्षक प्रशांत पंडा सायबर सेल, चौकी जुटमिल से आरक्षक ओशनिक विश्वाल, महिला सेल प्रभारी एएसआई मंजू मिश्रा, महिला आरक्षक रोजमेरी, इंदु एक्का, यातायात से सउनि प्रेमसाय भगत ,प्र.आर. बिहारी एक्का मौजूद थे।

# सहायक उप निरीक्षक रमेश बेहरा हुए सेवानिवृत्त, पुलिस कार्यालय से दी गई विदाई



**रायगढ़।** थाना तमनार में कर्तव्यस्त सहायक उप निरीक्षक रमेश बेहरा दिनांक 31.08.2022 को पुलिस विभाग में सेवा देते अपनी 62 वर्ष की आयु की पूर्ण कर पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुये जिन्हें थाना तमनार एवं पुलिस कार्यालय में ससम्मान विदाई दिया गया। दिनांक 06.09.2022 को एसपी आफिस में सेवानिवृत्त के लिये आयोजित कार्यक्रम में एडिशनएल एसपी लखन पटले एवं माहेश्वर नाग द्वारा एएसआई रमेश बेहरा का शॉल, श्रीफल देकर विभाग को दी गई सेवा के लिये आभार व्यक्त कर उनका सम्मान किया गया साथ ही मोमेंटो देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दिये। इस दौरान मौजूद आर.आई. अमरजीत खुंटे एवं कार्यालय के स्टाफ भी उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दिये।

सहायक उप निरीक्षक रमेश बेहरा जिले के थाना कोतवाली, लैलूंगा में भी लंबे समय तक कार्य किये, वे सेवानिवृत्त के पूर्व थाना तमनार में पदस्थ थे जिन्हें थाना तमनार से थाना प्रभारी एवं थाने के स्टाफ द्वारा सम्मानपूर्वक भावभीनी विदाई दिया गया।

# आज से 14 सितम्बर तक मनाया जाएगा साक्षरता सप्ताह



**रायगढ़।** जिले में साक्षरता कार्यक्रम के लिये वातावरण निर्माण हेतु 8 सितम्बर 2022 को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस और 8 से 14 सितम्बर 2022 तक साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया जायेगा। साक्षरता सप्ताह का उद्देश्य सभी वर्गो का ध्यान 'नव भारत साक्षरता कार्यक्रम" की ओर केन्द्रित करना है ताकि इसमें सभी वर्गो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस का थीम है ट्रांसफॉर्मिंग लिटरेसी लर्निंग स्पेश जिस पर केंन्द्रित 'पढ़व कतको बेर कोनो मेंर" विषयक संगोष्ठी/परिचर्चा का आयोजन भी किया जाना है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बुनियादी साक्षरता प्राप्त करना, शिक्षा प्राप्त करना और जीवकोपार्जन का अवसर प्रत्येक नागरिक का मौलिक अधिकार हैं। साक्षरता और बुनियादी शिक्षा किसी व्यक्ति के वैयक्तिक, नागरिक, आर्थिक और जीवनपर्यन्त शिक्षा के अवसरों की एक नवीन दुनिया को खोल देती है जो व्यक्ति का निजी और पेशेवराना दोनो ही स्तरों पर आगे बढऩे में मदद करती है। समाज और देश के स्तर पर साक्षरता और बुनियादी शिक्षा एक ऐसी शक्ति के रूप में काम करती है जो विकास हेतु किये जा रहे अन्य सभी प्रयासों की सफलता को कई गुना बढ़ा देती है। वैश्विक स्तर पर विभिन्न देशों के आंकड़े यह दर्शाते है कि किसी देश की साक्षरता दर और उसकी प्रति व्यक्ति जीडीपी में उच्चतर सहसंबंध होता हैं।

# सेन्ट्रल टीम ने भूमि विकास, जल संरक्षण एवं संवर्धन अंतर्गत निर्मित कार्यों का किया निरीक्षण



**रायगढ़।** मनरेगा योजनान्तर्गत जिला रायगढ़ के जनपद पंचायत सारंगढ़ में सेन्ट्रल टीम के द्वारा 05 एवं 06 सितम्बर 2022 को ग्रामीण संयोजकता, भूमि विकास, जल संरक्षण एवं संवर्धन अंतर्गत निर्मित कार्यो का निरीक्षण किया गया। ग्राम पंचायत कुधरी में मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, निजी भूमि समतलीकरण कार्य, चेक ड़ेम निर्माण कार्य एवं वृक्षारोपण कार्य, ग्राम पंचायत लेंध्रा में तालाब गहरीकरण, सीसी रोड़ निर्माण कार्य, गोठान समतलीकरण, मण्डी समतलीकरण ग्राम पंचायत भद्रा में मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, सामुदायिक बाड़ी समतलीकरण इंटरलॉकिंग सड़क एवं वृक्षारोपण कार्यो का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सेन्ट्रल टीम द्वारा जनपद पंचायत बरमकेला अंतर्गत ग्राम पंचायत झाल में मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, चारागाह समतलीकरण कार्य, तालाब गहरीकरण कार्य एवं वृक्षारोपण के कार्य, निजी बाड़ी विकास कार्य तथा ग्राम पंचायत बिरनीपाली में तालाब गहरीकरण, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, वृक्षारोपण कार्य व निजी भूमि समतलीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया।

सेन्ट्रल टीम से डायरेक्टर देविन्दर कुमार ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के साथ सुश्री नवनीता दास प्रोजेक्ट ऑफिसर एवं अरुण के पाटिल इंजीनियर शामिल रहे। जिला पंचायत रायगढ़ से सहायक परियोजना अधिकारी राजेश शर्मा, तकनीकी समन्वयक आशुतोष श्रीवास्तव, प्रोग्रामर अभिषेक दांडेकर तथा जनपद पंचायत सारंगढ़ से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक बनर्जी, अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.या.से., कार्यक्रम अधिकारी युवराज पटेल, जनपद पंचायत बरमकेला मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीलाराम पटेल, अनुविभागीय अधिकारी ग्रा.यां.से. संतोष साहू, कार्यक्रम अधिकारी कमलेश मेहरा, उपअभियंता, संबंधित ग्राम पंचायतों के तकनीकी सहायक, बेयरफूट तकनीशियन, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। निरीक्षण टीम के द्वारा कार्यो की गुणवत्ता का जांच करते हुये तकनीकी मापदण्डों के अनुसार कार्यो में सुधार करने का सुझाव दिया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480